मैया मैं तेरी बेटी हूं रखियो मेरी लाज

मैया मैं तेरी बेटी हूं रखियो मेरी लाज,
धन दौलत दीजो मत दीजो, दिजो अमर सुहाग,
मैया मैं तेरी लाडो हूं, रखियो मेरी लाज॥

मेरा धन दौलत मेरा साजन,
मेरा स्वर्ग पति का आंगन,
बना रहे बस साजन मेरो,
दीजो आशीर्वाद,
मैया मैं तेरी लाडो हूं, रखियो मेरी लाज,
मैया मैं तेरी बेटी हूं, रखियो मेरी लाज॥

मेहंदी की लाली ने बोल दे,
चूड़ी नथ बाली ने बोल दे,
जब तक सांस चलेगी मेरी,
मेरा निभावे साथ,
मैया मैं तेरी बेटी हूं, रखियो मेरी लाज,
मैया मैं तेरी लाडो हूं, रखियो मेरी लाज॥

मैया अपनी भक्ति दीजो,
मन में इतनी शक्ति दीजो,
हस्ते हस्ते सुख दुख झेलू,
मेरे पति के साथ,
मैया मैं तेरी बेटी हूं, रखियो मेरी लाज,
मैया मैं तेरी लाडो हूं, रखियो मेरी लाज॥

थारे पे बस जोर है मेरो,
थारे सिवा कोई ना और है मेरो,
बेटी तो बस माँ से बोले,
सुनो मेरी बात,
मैया मैं तेरी बेटी हूं, रखियो मेरी लाज,
मैया मैं तेरी लाडो हूं, रखियो मेरी लाज॥

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/24706/title/maiya-main-teri-beti-hu-rakhiyo-meri-laaj

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |